हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 12 मार्च 2026

04 बिजली बिल बकायादारों के विरुद्ध विभाग का कुर्की ...



07 सरकारः पैनिक न हों स्टॉक पर्याप्त वितरक...





## खबर संक्षेप

### बच्चे का हाथ चारा मशीन में फंसा : सागर मेडिकल कॉलेज रेफर

**खुरई।** खुरई के बनखिरिया गांव में मंगलवार रात घर में खेल रहे एक 7 साल के बच्चे का हाथ अचानक चारा काटने वाली मशीन में फंस गया, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया है। जानकारी के मुताबिक, खुरई देहात थाना क्षेत्र के रहने वाले मुकेश अहिरवार (7) अपने घर में खेल रहा था। इसी दौरान उसका हाथ चारा काटने वाली मशीन की चपेट में आ गया।परिजन ने जैसे ही बच्चे की चीख सुनी, उन्होंने तुरंत मशीन से उसका हाथ बाहर निकाला। घरवाले बच्चे को फौरन खुरई के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे शुरुआती इलाज तो दिया, लेकिन चोट ज्यादा गंभीर होने की वजह से उसे बेहतर इलाज के लिए बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (सागर) रेफर कर दिया गया है। फिलहाल बच्चे का इलाज जारी है।

### कीटनाशक छिड़काव एवं फागिंग कराने के निर्देश

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत सभी वार्डों में मच्छरों से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए 12 मार्च से 09 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर कीटनाशक दवा का छिड़काव एवं फागिंग कराने के निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त ने बताया कि अभियान के सुचारू संचालन हेतु वार्ड क्रमांक 01 से 16 तक रोहित कुर्मी, वार्ड क्रमांक 17 से 35 तक श्याममोहन दुबे तथा वार्ड क्रमांक 36 से 48 तक दुष्यंत मछंदर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही इन क्षेत्रों में नालियों में रुके हुए पानी के बहाव को सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### जनसुनवाई में 89 का मौके पर निराकरण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 147 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 89 का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में कई विभाग से जुड़ी समस्याएं सामने आईं।

### लाडली बहनों को भेजे जा रहे हैं पोस्टकार्ड

**विदिशा।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत विदिशा जिले में एक नवाचार किया गया है। फरवरी 2026 में 575 महिलाओं के खातों में डीबीटी सक्रिय न होने, खाता बंद होने या अन्य तकनीकी कारणों से योजना की राशि नहीं पहुंच पाई थी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में अब इन महिलाओं को पोस्टकार्ड भेजकर भुगतान असफल होने के कारणों की जानकारी दी जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि महिलाओं को बैंक में जाकर खाते की स्थिति सुधारने की सलाह दी जा रही है।

## राहतगढ़ और जैसीनगर को मिली आधुनिक ग्रंथालय की सौगात

# भारत आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में भी लहरा रहा है अपना परचम : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर प्रवास के दौरान बुंदेलखंड की वीर भूमि को नमन करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है।मुख्यमंत्री ने महाराजा छत्रसाल और चंदेल राजाओं के योगदान को याद करते हुए कहा कि बुंदेलखंड महावीरों की धरती है। ''छत्ता तेरे राज में धक-धक धरती होय'' की पंक्तियों के साथ उन्होंने महाराजा छत्रसाल के स्वाधीनता संघर्ष और संस्कृति संरक्षण के संकल्प को दोहराया। कठिन चुनौतियों के बीच भी इस धरा ने अपनी पहचान बनाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा का मंदिर बनाकर पीढ़ियों तक योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और उनके सुपुत्रों द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में स्थापित शैक्षणिक संस्थान की सराहना करते हुए कहा, माता-पिता का आशीर्वाद ही विकास की असली पूंजी है।मुख्यमंत्री ने गर्व से कहा कि हाल ही में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट ने सिद्ध कर दिया है कि आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में भारत आज दुनिया का नेतृत्व कर रहा है।

डॉ. हरीसिंह गौर के त्याग और सागर विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने यहाँ रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय की स्थापना कर शिक्षा के नए द्वार खोले हैं।

बुंदेलखंड के आर्थिक और ढांचागत विकास पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत दिनों क्षेत्र के विकास के लिए बुन्देलखंड कैबिनेट के माध्यम से 27 हजार करोड़ रुपये के कार्यों की मंजूरी दी गई। अंत में उन्होंने कहा कि विकास का यह कारवां निरंतर जारी रहेगा ताकि बुंदेलखंड का युवा आत्मनिर्भर और सशक्त बन सके। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा हमारे बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आप खूब पढ़ें, भविष्य के सपने बुनें और अपनी सफलता से देश को आगे बढ़ाने में योगदान दें।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं जिला के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल, उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, रहली विधायक गोपाल भार्गव, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह, सागर विधायक शैलेन्द्र जैन, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, देवरी विधायक ब्रज बिहारी पटेरिया, बण्डा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी,बीना विधायक निर्मला सप्रे, जि.पं.अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, महापौर, नगर निगम सागर संगीता सुशील तिवारी, श्याम तिवारी, गौरव सिरोठिया, गौरव रणदिवे, हरवंश सिंह राठौर, नारायण प्रसाद कबीर पंथी, सविता सिंह राजपूत, संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री यंग इंटर्न फॉर गुड गवर्नेंस प्रोग्राम से मजबूत होगी योजनाओं की मॉनिटरिंग व्यवस्था : भूपेन्द्र सिंह



**सागर।** पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किया गया 'मुख्यमंत्री यंग इंटर्न्स फॉर गुड गवर्नेंस प्रोग्राम' सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में इस योजना को मंजूरी दी गई है। इस निर्णय का स्वागत करते हुए भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद ने कल्याणकारी योजनाओं सहित विभिन्न 7 विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं की आगामी 5 वर्षों तक निरंतरता के लिए लगभग 33 हजार 240 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की है। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में 15 स्थानीय युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को एक वर्ष के अनुबंध पर रखा जाएगा तथा उन्हें प्रति माह 10 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। पूरे प्रदेश में लगभग 4,860 युवाओं को इस कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। योजना की अवधि तीन वर्ष निर्धारित की गई है और इसके लिए मंत्रिपरिषद द्वारा 190 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित युवा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का अध्ययन करेंगे। साथ ही योजनाओं का हितग्राहियों पर क्या प्रभाव पड़ रहा है, इसका आकलन करेंगे और क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं की पहचान करेंगे। इसके अतिरिक्त वे विभागों और स्थानीय प्रशासन से फीडबैक भी एकत्रित करेंगे। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि चयनित युवा डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से डेटा संकलित कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेंगे। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति सामने आएगी और युवाओं से प्राप्त सुझावों के आधार पर योजनाओं में आवश्यक सुधार किए जा सकेंगे, ताकि उनका लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस को भी बढ़ावा मिलेगा। विभिन्न विभागों में उपलब्ध आंकड़ों को एक डिजिटल डेटाबेस में संकलित किया जाएगा, जिससे योजनाओं की प्रभावशीलता का बेहतर मूल्यांकन किया जा सकेगा और प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक पारदर्शी तथा डेटा आधारित बन सकेंगी।



## युवा नेतृत्व लोकतंत्र को देता है नई ऊर्जा : अविराज

**मालथौन।** किला परिसर मालथौन से प्रारम्भ होकर अमझरा सरकार मंदिर पर प्रसाद अर्पण के साथ समाप्त हुई रैली के दौरान युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है कि वे स्वयं एक लाख युवाओं को राजनीति में लाएंगे। इसी सोच का परिणाम है कि आज 45 वर्षीय युवा नेता नितिन नबीन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। उन्होंने कहा कि भारत की लगभग 60 प्रतिशत आबादी 40 वर्ष से कम आयु की है और यही युवाशक्ति देश के भविष्य का निर्माण करने वाली है। अविराज सिंह ने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में भी युवाओं को नेतृत्व में आगे लाने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आपके पूर्व गृहमंत्री विधायक भूपेन्द्र भैया का यही प्रयास है कि विधानसभा में युवाओं को नेतृत्व का अवसर मिले। इसी क्रम में पुष्पेन्द्र सिंह परिहार को भारतीय जनता पार्टी का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है, जो युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि किसी भी जीवंत लोकतंत्र के लिए युवा नेतृत्व की एक नई पंक्ति तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। जब युवा राजनीति में सक्रिय होते हैं तो वे चुनावी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं में नई ऊर्जा का संचार करते हैं, जिससे लोकतंत्र केवल कागजों तक सीमित नहीं रहता बल्कि जमीन पर भी अधिक जीवंत और सक्रिय दिखाई देता है। अविराज सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी नए विचारों, तकनीक और आधुनिक सोच से लैस होती है। जब युवाओं की भागीदारी राजनीति में बढ़ती है तो नीतियों में नवाचार आता है और जटिल समस्याओं के समाधान के लिए 'आउट ऑफ द बॉक्स' सोच विकसित होती है। इससे लोकतंत्र में विकेंद्रीकरण को भी बढ़ावा मिलता है और विकास का लाभ बड़े शहरों के साथ-साथ दूरदराज के गांवों तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए संसद और विधानसभाओं में वैचारिक विविधता का होना जरूरी है। शिक्षित और जागरूक युवा राजनीति में आते हैं तो वे बौद्धिक नेतृत्व प्रदान करते हैं और पारदर्शिता तथा जवाबदेही के नए मानक स्थापित करते हैं। आज की युवा पीढ़ी वैश्विक रुझानों, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और डिजिटल अर्थव्यवस्था को बेहतर समझती है। कार्यक्रम में अरविंद सिंह लोधी, जयंत सिंह बुंदेल, नीतेश यादव, राजपाल सिंह राजपूत, पुष्पेन्द्र परिहार, दुरग परिहार, रावराजा राजपूत, बादाम सिंह सिसौदिया, रामकुमार बघेल, गोविंद सिंह राजपूत खिरिया, चुन्नीलाल कुशवाहा, गोविंद सिंह राजपूत नेगवा, काशीराम अहिरवार, बंटी राजपूत पिठौरिया, प्रवीण जैन, बलराम सिंह ठाकुर, निरंजन सिंह ठाकुर, पुष्पेन्द्र सिंह तोमर अटा, सरनाम सिंह तोमर, राजेन्द्र सिंह लोधी, वीरसिंह यादव, जितेन्द्र सिंह सिसौदिया, अशोक यादव, राजकुमार अहिरवार, राजकुमार राय उपस्थित रहे।

## नव गहोई महिला मंडल ने मनाया होली मिलन, राधा-कृष्ण की झांकी ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली



नगर के सराफ धर्मशाला में नवगहोई महिला मंडल द्वारा एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य और सफल कार्यक्रम होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दोहरे उत्सव में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आपसी सद्भाव व उत्साह के साथ खुशियां बांटीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के समाजसेवी शिल्पी अभिषेक भार्गव, सम्मिलित हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री स्वाति दुबे एवं सहायक प्राध्यापक सुषमा चौरसिया, रश्मि डॉ जितेंद्र सराफ उपस्थित रहीं। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और महिला सशक्तिकरण व सामाजिक एकता पर अपने विचार साझा किए।

### राधा-कृष्ण की झांकी और सांस्कृतिक रंग

उत्सव का मुख्य आकर्षण नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई राधा-कृष्ण की सुंदर झांकी रही। पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। रंग पंचमी के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में गुलाल और फूलों के साथ होली खेली गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और रंगीन हो गया।

### मनोरंजक खेल औरढ मंच संचालन

महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक गेम्स (खेल) आयोजित किए गए, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन डॉ. स्वप्ना सराफ द्वारा किया गया, जबकि अध्यक्षता श्रीमती सोनल सराफ ने की।

### स्मृति-चिन्ह भेंट कर जताया आभार

कार्यक्रम के समापन पर नवगहोई महिला मंडल की समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा अतिथियों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। श्रीमती मेघा सराफ,श्रीमती सोनम गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला की अध्यक्षता में भाजपा कोर कमेटी की बैठक संपन्न



**सागर।** धर्मश्री स्थित जिला भाजपा कार्यालय में बुधवार भारतीय जनता पार्टी सागर जिला कोर कमेटी की बैठक प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। कोर कमेटी बैठक में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी विषय प्रस्तावना प्रस्तुत की। बैठक में विधानसभा वार संगठनात्मक विषयों एवं आगमी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं संभागीय प्रभारी गौरव रणदिवे, प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी लोकेन्द्र पाराशर, केबीनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सागर विधायक शैलेन्द्र जैन, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, महापौर संगीता तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया शामिल हुए।

## खुरई में मच्छरों पर नियंत्रण पाने थर्मल फॉगिंग अभियान शुरू

**खुरई।** नगर में बढ़ते मच्छरों की समस्या को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने विशेष अभियान शुरू किया है। संभावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए मच्छरनाशी दवाओं की थर्मल फॉगिंग कराई जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले के निर्देश पर नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर मच्छरनाशी दवाओं का छिड़काव शुरू हुआ है। थर्मल फॉगिंग का काम भी चल रहा है। सीएमओ ने कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि हर वार्ड में नियमित फॉगिंग कराई जाए। मच्छरों की संख्या पर नियंत्रण किया जाए। डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों की संभावना कम की जाए। उन्होंने नागरिकों से आसपास स्वच्छता रखने की अपील की है। जलभराव नहीं होने देने को कहा है। नगर पालिका परिषद ने बताया कि स्वच्छता, स्वास्थ्य और सुंदरता को प्राथमिकता दी जा रही है। नालियों की सफाई कराई जा रही है। जलभराव वाले स्थानों की विशेष सफाई और निगरानी की जा रही है। नागरिकों को साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के संचालन में स्वास्थ्य शाखा प्रभारी शैलेंद्र सिंह और स्वच्छता पर्यवेक्षक नीतेश श्रीवास्तव रहेंगे। उनकी सतत निगरानी और मॉनिटरिंग में नगर के विभिन्न वार्डों में फॉगिंग कराई जाएगी। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वह घरों और आसपास साफ-सफाई रखें। पानी कहीं जमा न होने दें। मच्छरों की रोकथाम के लिए अभियान में सहयोग करें। ताकि साफ-सफाई, बीमारियों पर रोकथाम रहे।

## संकल्प से समाधान अभियान में जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाएं : कलेक्टर

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा है कि संकल्प से समाधान अभियान में विभागीय अधिकारी/ कर्मचारी जरूरतमंद व पात्र व्यक्तियों को आगे बढ़कर सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिलाएं। जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक भी करें। गरीब व वंचित लोगों की मदद व सहायता में ही सार्थकता निहित है। संकल्प से समाधान अभियान के प्रथम चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर लगे शिविरों में प्राप्त आवेदनों और निराकरण की जानकारी प्राप्त कर द्वितीय चरण में क्लस्टरवार शिविर आयोजन के तहत कार्ययोजना मुताबिक अधिकारियों को दायित्व निर्वहन के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान अधिकतम आवेदन प्राप्त कर पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर संदीप जी आर ने अभियान की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी अभियान में चिन्हांकित विभागों की 106 सेवाओं का लाभ आम जनता को अभियान मोड में प्रदान करें। समानांतर रूप से आवेदन प्राप्ति के साथ ही निराकरण भी सुनिश्चित हो। स्थानीय निकायवार बेहतर उपलब्धि का प्रयास किया जाए। प्रत्येक विभाग व कार्यालयों में प्राप्त आवेदन व इनके निराकरण की स्थिति का भी अनिवार्य रूप से शासन के पोर्टल पर दर्ज ज कराने के लिए निर्देशित किया गया। नगरीय विकास विभाग की योजनाओं के लाभ के लिए परिषद की बैठक उपरांत अविलंब निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों से अभियान में प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की अपेक्षा भी की गई। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा जिले में महाविद्यालय स्तर पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं के लिए ड्राइविंग लायसेंस शिविर लगाया जाए।

## शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को सौंपा ज्ञापन

# शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 को स्थगित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मुख्यमंत्री के सागर आगमन पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला सागर इकाई द्वारा प्रदेश के लगभग 1.5 लाख शिक्षकों के भविष्य को देखते हुए शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 को स्थगित करने और सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की है। इस संबंध में संघ ने मुख्यमंत्री और लोक शिक्षण संचालनालय को एक औपचारिक पत्र सौंपा है।

### क्या है मुख्य विवाद?

शिक्षक संघ का कहना है कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 2 मार्च 2026 को जारी आदेश (क्र. 356) के तहत आगामी सत्र में शिक्षकों को पात्रता परीक्षा में सम्मिलित होने के निर्देश दिए गए हैं। संघ के अनुसार, यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए उस फैसले के संदर्भ में लिया गया है, जिसमें कक्षा 1 से 8वीं तक के शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण होना अनिवार्य बताया गया है।शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार गुप्ता और प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर ने पत्र में स्पष्ट किया है किः प्रदेश में 1998 से 2000 के बीच नियुक्त शिक्षक विभागीय नियमों के आधार पर नियुक्त हुए थे। 2005 और 2008 में संविदा शाला शिक्षक, शिक्षा कर्मी और गुरुजी की पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ही नियुक्तियां की गई थीं। ये शिक्षक पिछले 20 से 22 वर्षों से लगातार शिक्षण कार्य कर रहे हैं, ऐसे में अब उनसे पात्रता परीक्षा की मांग करना तर्कसंगत नहीं है।

### अन्य राज्यों का उदाहरण

संघ ने उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सरकार का उदाहरण देते हुए कहा है कि वहां की सरकारों ने शिक्षकों के हित में सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की है, जिससे वहां फिलहाल परीक्षा पर रोक लगी हुई है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने भी मांग की है कि प्रदेश सरकार को इसी तर्ज पर कोर्ट में मजबूती से पक्ष रखना चाहिए। मुख्यमंत्री, मोहन यादव के आगमन पर प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार गुप्ता शैलैन्द्र प्रजापति, प्रांतीय व्यवसायिक शिक्षा प्रकोष्ठ प्रमुख, जिला अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह राजपूत, जिला संगठन मंत्री चन्द्रभान सिंह राजपूत, जिला सचिव मनोज कुमार जैन, महेश कुमार विश्वकर्मा,बृजेश चौबे , नंदगोपाल साहू, दीपक सेन सहित अनेकों शिक्षक साथियों ने आत्मीय स्वागत कर उक्त ज्ञापन दिया गया है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./नामा.शा./न.नि./2025-26/48 -:: सूचना ::- सागर दिनांक :9/3/26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवन /प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अन्दर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयनामा/दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2071/25-26 | गोपालगंज | रजि. बैनामा, शपथपत्र | रशीदा बी पति शेख शफीक मुसलमान | मो. छोटे रसीद वल्द अब्दुल वहाव |
| 2 | 2072/25-26 | रविशंकर | अपंजीकृत वसीयत, शपथपत्र | भगवानदास पिता काशीराम ताम्रकार | राजकुमार पिता शिव प्रसाद ताम्रकार |
| 3 | 2073/25-26 | कटरा | रजि. बैनामा, शपथपत्र | आयुष पिता रूपचन्द जैन | मनीष पिता रूपचन्द जैन |
| 4 | 2074/25-26 | विठ्ठलनगर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | प्रियांशी पति विकास एवं मनोहर पिता द्वारका प्रसाद साहू | अमरीन पति अरमान बेहना |
| 5 | 2075/25-26 | रामपुरा | मृत्यु-प्रमाण पत्र, शपथपत्र | नन्हेलाल पिता बुलाखीचन्द जैन | हेमचन्द, ज्ञानचन्द, भागचन्द पिता स्व. नन्हेलाल जैन |
| 6 | 2076/25-26 | जवाहरगंज | रजि. बैनामा, शपथपत्र | मीना पति हुकुमचन्द साहू | शम्भू पिता हेमसींग राजपूत |
| 7 | 2077/25-26 | शिवाजी | रजि. बैनामा, शपथपत्र | निशा भाई पति आनन्द कुमार भाई जी | नीलांचल पति अंकित शुक्ला |
| 8 | 2078/25-26 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथपत्र | शान्त कुमार, इन्द्रजीत पिता अवध बिहारी गोस्वामी | मोहित पिता बालकिसन रैकवार |
| 9 | 2079/25-26 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथपत्र | देवीदास पिता लक्ष्मी प्रसाद दुबे | भूपेन्द्र पिता मोहन सिंह |
| 10 | 2080/25-26 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | नीलेश कुमार, नितिन पिता राजकुमार जैन | संस्कृति पुत्री जयप्रकाश समैया |

नोट :- जन सम्पर्क विभाग नामान्तरण सूचना का प्रकाशन एक प्रादेशिक एवं एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में

कृते-आयुक्त,
नगर पालिक निगम,
सागर

40 मोटरसाइकिल की गईं जब्त, 6.5 लाख रुपए से अधिक के बिल बकाया

# बिजली बिल बकायादारों के विरुद्ध विभाग का कुर्की अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

बिजली बिल बकायादारों के खिलाफ विद्युत वितरण कंपनी ने सख्त रुख अपनाते हुए कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को बुडेरा क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान विभाग ने 40 मोटरसाइकिलें जब्त कीं, जिन पर लगभग 6.5 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया बताया गया है। इस कार्रवाई से बकायादार उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया।

बिजली कंपनी के अधीक्षण यंत्री अजमेर सिंह ने बताया कि मार्च वित्तीय वर्ष का अंतिम माह होने के कारण राजस्व वसूली को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। सहायक अभियंता विशाल तोमर के नेतृत्व में बुडेरा क्षेत्र में यह कुर्की अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान



उन उपभोक्ताओं की 40 मोटरसाइकिलें जब्त की गईं, जिन्होंने बार-बार नोटिस मिलने के बावजूद अपने बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया था। विभाग के अनुसार संबंधित उपभोक्ताओं को पहले कई बार बिल जमा करने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद उन्होंने भुगतान नहीं किया और लगातार बिजली का उपयोग करते रहे, जिसके चलते विभाग को यह कठोर कदम उठाना पड़ा। विद्युत कंपनी ने स्पष्ट किया है कि बकाया बिल न चुकाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग ने सभी बकायादारों से जल्द से जल्द बिल जमा करने की अपील की है, अन्यथा उनकी संपत्तियों पर भी कुर्की की कार्रवाई की जा सकती है। उक्त कुर्की अभियान में जब्त की गई 40 मोटरसाइकिल मालिकों पर कुल मिलाकर लगभग 6.5 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया बताया गया है।

मार्च माह वित्तीय वर्ष का अंतिम महीना होने के कारण विद्युत कंपनी द्वारा राजस्व वसूली का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विभाग के अनुसार संबंधित उपभोक्ताओं को बिल जमा करने के लिए कई बार नोटिस जारी किए गए, लेकिन भुगतान न होने पर कुर्की की कार्रवाई करनी पड़ी। विद्युत कंपनी ने सभी बकायादार उपभोक्ताओं से तत्काल बिजली बिल जमा करने की अपील की है, अन्यथा आगे भी कुर्की और अन्य सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आशीर्वाद योजना का लाभ दिलाने कलेक्टर व डीपीओ को सौंपा आवेदन

# बीमार परिवारों के बच्चों के भविष्य के लिए वी क्लब ने बढ़ाया हाथ



**टीकमगढ़।** मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए वी क्लब संगठन ने गंभीर एवं असाध्य बीमारी से जूझ रहे दो परिवारों के बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में सराहनीय पहल की है। इसी उद्देश्य से 10 मार्च को क्लब की सदस्यों ने एकजुट होकर कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी डीपीओ को आवेदन देकर शासन द्वारा संचालित आशीर्वाद योजना का लाभ दिलाने की मांग की।

वी क्लब द्वारा दिए गये उक्त आवेदन में बताया गया कि सुरेश यादव और सुनील वाल्मीकि दोनों ही परिवारों के मुखिया गंभीर असाध्य बीमारी से पीड़ित हैं। लंबे इलाज के चलते उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर हो चुकी है। ऐसे हालात में परिवार के बच्चों की शिक्षा और भविष्य को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न हो गई है। वी क्लब की बहनों ने प्रशासन से अनुरोध किया कि इन दोनों परिवारों के बच्चों को शासन की आशीर्वाद योजना के अंतर्गत शीघ्र लाभ प्रदान किया जाए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके और उन्हें शिक्षा तथा जीवन में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकें। इस अवसर पर वी क्लब की अध्यक्ष रजनी रावत सहित सदस्य विभा श्रीवास्तव, प्रीति चतुर्वेदी, पूनम अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों ने समाज और प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानवीय संवेदनाओं के साथ ऐसे परिवारों को सहयोग दिया जाए, ताकि बच्चों को योजनाओं का लाभ मिल सके और उनका भविष्य संवर सके। वी क्लब ने जानकारी देते हुए बताया कि आशीर्वाद योजना का उद्देश्य ऐसे परिवारों के बच्चों को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है, जिनके माता-पिता गंभीर बीमारी या अन्य कारणों से असमर्थ हो गए हों। इस योजना के माध्यम से बच्चों को सहायता देकर उनकी शिक्षा और भविष्य को सुरक्षित करने का प्रयास किया जाता है।

त्योहारों से पहले पुलिस ने चलाया संवाद अभियान

# अफवाहों से दूरी बनाकर लें त्योहारों का आनंद : मंडलोई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस ने जिलेभर में संवाद अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देश पर सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विभिन्न धर्मों के नागरिकों से संवाद स्थापित कर आपसी भाईचारे, शांति और सामाजिक समरसता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में बुधवार को बलदेवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक प्रीति भार्गव ने अपनी पुलिस टीम के साथ बल्देवगढ़ कस्बे में मुस्लिम समुदाय के लोगों से संवाद किया। इस दौरान समुदाय के प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों के साथ सामूहिक चर्चा कर आगामी त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द और आपसी सहयोग बनाए रखने को लेकर विस्तृत बातचीत की गई। बैठक के दौरान थाना प्रभारी भार्गव ने उपस्थित लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने और किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने भी पुलिस प्रशासन के साथ पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया और क्षेत्र में आपसी भाईचारा तथा सद्भाव बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

### शांति व कानून व्यवस्था बनाना सबका दायित्व

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे आगामी त्योहारों को पारंपरिक उत्साह, आपसी सम्मान और शांति के साथ मनाएं। साथ ही किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, अफवाह या संदिग्ध घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए जिले में विशेष अभियान शुरू

**विदिशा।** जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को लाभ दिलाने के लिए 9 से 18 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले के 2385 आंगनबाड़ी केंद्रों में सर्वे और पंजीयन किया जाएगा, ताकि छूटे हुए हितग्राहियों को जोड़ा जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनिता लोढ़ा ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता डोर-टू-डोर सर्वे कर पात्र महिलाओं का पंजीयन करेंगी। वहीं बैंक खातों की आधार सीडिंग और ई-केवाईसी के लिए शिविर भी लगाए जाएंगे, ताकि सभी पात्र महिलाओं को मातृत्व सहायता राशि का लाभ मिल सके।

नए आयकर अधिनियम पर आयोजित हुआ जागरुकता कार्यक्रम

# पुराने व नए कानून की धाराओं में बदलाव व बैंकों को दी फाइलिंग की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

1 अप्रैल 2026 से लागू होने जा रहे नए आयकर अधिनियम के संबंध में करदाताओं और बैंकों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयकर विभाग द्वारा विशेष आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयकर विभाग के आसूचना एवं अन्वेषण प्रभाग के आयकर अधिकारी दिनेश कुमार बिंदवार टीकमगढ़ पहुंचे और आयकर कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित कर सलाहकारों एवं बैंक प्रतिनिधियों को नए डायरेक्ट टैक्स कोड के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान आयकर अधिकारी दिनेश कुमार ने बिंदुवार तरीके से नए आयकर अधिनियम की प्रमुख धाराओं और प्रावधानों को समझाया। साथ ही पुराने आयकर



अधिनियम और नए कानून के बीच अंतर को स्पष्ट करते हुए बताया कि नए नियमों के लागू होने से कर प्रणाली में क्या परिवर्तन आएंगे और करदाताओं को किन बातों का विशेष ध्यान रखना होगा। उन्होंने त्रुटियों के निवारण की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला और बैंकों को स्टेटमेंट ऑफ फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन एसएफटी फाइलिंग से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की, ताकि वित्तीय लेनदेन की रिपोर्टिंग समय पर और सही तरीके से हो सके। इस अवसर पर आयकर अधिकारी हेम प्रकाश आर्य, आयकर निरीक्षक विकास आर्य और अरविंद साहू भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कर सलाहकारों में एडवोकेट अनिल जैन, हर्षेश सोनी, सीए प्रिंस जैन, सीए अभी जैन, एडवोकेट राकेश जैन और एडवोकेट नितिन जैन सहित जिले के विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

आयकर विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने नए आयकर कानून से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की और इसे करदाताओं के लिए उपयोगी पहल बताया। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य नए आयकर अधिनियम की जानकारी देना, पुराने और नए आयकर कानून के प्रावधानों की तुलना समझाना, बैंकों को एसएफटी फाइलिंग और वित्तीय रिपोर्टिंग के नियमों से अवगत कराना एबं कर सलाहकारों और करदाताओं में जागरूकता बढ़ाना है।

मॉडल स्कूल पलेरा ने एनएमएमएस में पाई सबसे अधिक सफलता

# 17 विद्यार्थियों का चयन, मेहनत व मार्गदर्शन से पलेरा का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

मॉडल स्कूल पलेरा के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा एनएमएमएस में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहरा दिया है। 11 मार्च को घोषित परीक्षा परिणाम में उक्त विद्यालय के 17 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है, जो टीकमगढ़ जिले में किसी एक विद्यालय से चयनित होने वाली सबसे अधिक छात्र संख्या है। इस उपलब्धि से विद्यालय और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

यह प्रदेश स्तरीय परीक्षा 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित की गई थी, जिसमें मॉडल स्कूल पलेरा के कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया था। बुधवार को घोषित परिणामों ने साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत के दम पर बड़ी




उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे विद्यालय के प्राचार्य कौशल किशोर राजपूत का कुशल नेतृत्व और शिक्षकों का समर्पित मार्गदर्शन प्रमुख रहा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को परीक्षा के महत्व, छात्रवृत्ति के लाभ और पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयारी के लिए लगातार प्रेरित किया। नियमित अभ्यास, विशेष कक्षाएं और मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की।

विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्राचार्य और समस्त स्टाफ ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी और आने वाले वर्षों में विद्यालय के छात्र इसी तरह सफलता की नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे। राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा एनएमएमएस के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यह केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से प्रतिभाशाली एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर उनकी आगे की पढ़ाई में सहायता की जाती है।

पीएमडीडीकेवाई की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश

# व्यापक सुधार व उत्पादकता बढ़ाना धनधान्य का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना पीएमडीडीकेवाई के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पीएमडीडीकेवाई के स्टेट नोडल अधिकारी एवं आयुक्त, मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद भोपाल अवि प्रसाद ने की। बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय सहित योजना से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान स्टेट नोडल अधिकारी अवि प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में उत्पादित होने वाली किसी एक प्रमुख फसल या पौधे को पहचान के रूप में विकसित करने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत सभी विभाग अपने-अपने लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने, सिंचाई सुविधाओं में सुधार करने तथा किसानों को सुलभ ऋण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए। साथ ही योजना से संबंधित गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग कर समय-समय पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए। नोडल अधिकारी अवि प्रशाद ने कहा कि किसानों को योजना की जानकारी देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को मिलने वाले लाभ समय पर उपलब्ध हों और सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं।


बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले में संचालित प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित विभागों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और विभिन्न स्तरों पर समन्वय के साथ कार्य किया जा रहा है। बैठक के दौरान पीपीटी के माध्यम से योजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। जिसमें बताया गया कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत देश के 11 मंत्रालयों की 36 केंद्रीय योजनाओं को समाहित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य देश के 100 कम उत्पादकता वाले कृषि जिलों में कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार लाना और उत्पादकता बढ़ाना है।

संतों के सानिध्य में होगा तीर्थंकर दिवस का उत्सव

# भगवान ऋषभदेव जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

**टीकमगढ़।** देवाधिदेव प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव आदिनाथ की जयंती के अवसर पर 12 मार्च को तीर्थंकर दिवस टीकमगढ़ में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर देव, शास्त्र, गुरु के सान्निध्य में शोभायात्रा निकाली जाएगी। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पार्श्वनाथ धाम पंचायती मंदिर के मंत्री अमित जैन राजा कारी ने बताया कि संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्य निर्यापक मुनि श्री सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से प्रतिवर्ष भगवान ऋषभदेव जयंती को तीर्थंकर दिवस के रूप में मनाया जाता है।

गुरुवार सुबह लगभग 7 बजे से पार्श्वनाथ धाम पंचायती मंदिर में अभिषेक, शांतिधारा, पूजन और विधान के कार्यक्रम संपन्न होंगे। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे से पार्श्वनाथ धाम से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होगी। शोभायात्रा में विभिन्न जैन मंदिरों के सुसज्जित विमान, रथों पर विराजित भगवान श्रीजी, घोड़े-बग्घियां, दिव्य घोष दल, ध्वज लेकर चलती महिला मंडल की टोलियां, कतारबद्ध पाठशालाओं के बच्चे और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। उक्त शोभायात्रा पार्श्वनाथ धाम से प्रारंभ होकर पपौरा चौराहा, जेठा चौराहा, पुरानी नगर पालिका, कटरा बाजार, जवाहर चौक, लुकमान चौराहा, महावीर पार्क, सेल सागर, गांधी चौक होते हुए सायं 4 बजे राजेंद्र पार्क पहुंचेगी।



राजेंद्र पार्क स्थित मानस मंच पर श्रीजी का अभिषेक किया जाएगा। साथ ही मुनि श्री 108 बिबोध सागर जी महाराज की मंगल देशना भी होगी। कार्यक्रम में गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 बिबोध सागर जी महाराज का मंगल सान्निध्य प्राप्त होगा।

### घरेलू रसोई गैस को लेकर उपभोक्ता परेशान दिखाई पड़ रहे

# सरकार: पैनिक न हों स्टॉक पर्याप्त वितरक: एक माह में मिलेगा सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

घरेलू रसोई गैस को लेकर उपभोक्ता परेशान दिखाई दे रहे हैं हालांकि सरकार दावा कर रही है कि उसके पास पर्याप्त मात्रा में गैस का स्टॉक मौजूद है किसी को इस मामले में घबराने की जरूरत नहीं है लेकिन इसके साथ ही महीने में सिर्फ एक बार ही सिलेंडर लेने का नियम भी बना दिया है जिससे उपभोक्ता सरकार की अपील को नजर अंदाज कर सिलेंडर कबाड़ने में लग गए। गैस वितरक का कहना है कि वह 26 दिन पूरे होने से पहले सिलेंडर की बुकिंग नहीं करेगा और एक माह से पहले सिलेंडर घर नहीं पहुंचेगा। ऐसी स्थिति में उपभोक्ता गैस का संकट आता देख घबराहट में जरूर है।

एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर आ रही खबरों के बाद केंद्र सरकार सुपर एक्टिव हो गई है। सरकार ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के साथ कई कड़े कदम उठाए हैं। मिडिल ईस्ट संकट के बीच सरकार ने गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं और एस्मा लागू कर दिया है। सरकार ने आम एलपीजी सिलेंडर धारकों से कहा है कि वो घबराएं नहीं और सभी को पर्याप्त गैस आपूर्ति के लिए ठोस इंतजाम किए गए हैं। उधर कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पर सुचारू बनाए रखने के लिए होटल-रेस्तरां एसोसिएशन और अन्य लोगों से बात की जा रही है।




### कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की किल्लत

एक और तो सरकार कह रही है कि उसके पास गैस का स्टॉक है घबराने की जरूरत नहीं है। लेकिन कमर्शियल सिलेंडर के वितरण पर रोक लगा देने से अफरा तफरी का माहौल है। कमर्शियल सिलेंडर के वितरण पर रोक लगाने का असर यह हुआ कि चाय समोसा चाय नाश्ता की दुकान पर जो व्यावसायिक सिलेंडर लगाए जाते थे उनके स्थान पर अब उन्हें घरेलू सिलेंडर लगाने पड़ रहे हैं। इन सिलेंडरों को व्यवसायिक उपयोग रोकने के लिए प्रशासन चंपा मार्ग कार्रवाई कर रहा है।

### ये छह बड़े कदम उठाए

- रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल इकाइयों को घरेलू रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति का निर्देश
- सरकारी और निजी क्षेत्र की रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने का आदेश। जमाखोरी, 'पैनिक बुकिंग' को रोकने के लिए सिलेंडर बुकिंग का अंतर 21 से बढ़ा 25 दिन
- घरेलू पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पंगपी पीएनजी), वाहनों के लिए CNG सीएनजी और घरेलू एलपीजी को प्राथमिकता
- रेस्तरां-होटल में कमर्शियल सिलेंडर की कमी को देखते हुए। एक विशेष समिति बनाई गई।
- अतिरिक्त उत्पादित LPG को सिर्फ 3 सरकारी कंपनियों IOCL, BPCL और HPCL को ही बेचा जाए

### इनका कहना है...

किसी को भी पैनिक होने की जरूरत नहीं है घरेलू गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में स्टॉक है पर अब 26 दिन से पहले बुकिंग नहीं कराई जा सकेगी बुकिंग ऑनलाइन होगी ओटीपी आने के बाद ही सिलेंडर बुक होगा साथी 26 दिन से पहले घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग नहीं कर सकेंगे एक माह में एक ही सिलेंडर मिलेगा कामर्शियल सिलेंडरों पर फिलहाल रोक लगा दी है साथ ही निजी गैस सिलेंडरों को व्यावसायिक उपयोग के लिए देने पर पूर्ण प्रतिबंध है।

**अमरनाथ गोयल**
**इंडेन गैस एजेंसी बितरक**

### सुन्नी मुस्लिम समुदाय 16 को जागकर इबादत करेगा

# रात भर जागकर की शब्बेदारी, दाऊदी बोहरा समाज ने मनाई शब ए कद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

दाऊदी बोहरा समाज ने मंगलवार की रात शब ए कद्र मनाते हुए मस्जिद में जागकर इबादत की। सुन्नी मुस्लिम समुदाय 16 मार्च को शब्बेदारी करेगा।

दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रवक्ता सिराज दाऊदी ने बताया कि रमजान के 22 वे रोजे के पूरा होने पर 23 वे रोजे की पहले वाली रात को दोहरा समुदाय ने मस्जिद में जागकर इबादत की। इस दौरान आमिल साहब शेख हुसैन अली ने नमाज के बाद दुआ ए खेर की ओर विश्व शांति के प्रार्थना की। इस दौरान धर्मगुरु का संदेश भी लाइव टीवी पर दिखाया गया जिसमें उन्होंने भी भाईचारे अमन चैन की दुआ की और लोगों से एक दूसरे की मदद करने पड़ोसी का ख्याल रखना संदेश दिया। पूरी रात इबादत शांति और सद्भाव के साथ इबादत में गुजरी बड़ौदा रोड जेदा तिराहे पर भी जहा 25 से अधिक परिवार निवास करते हे वहां भी बाहर से आए से आए आमिल साहब ने नमाज अदा करवाई।



### तरावीह पढ़ाने वाले इमामों का होगा सम्मान

इस्लामिक कैलेंडर माह-ए-रमजान का हर दिन पाक और मुकद्दस वाला होता है. लेकिन रमजान आखिरी 10 दिनों में पड़ने वाली शब-ए-कद्र की रात महत्वपूर्ण मानी गई है। शब-ए-कद्र को सबसे पवित्र रातों में एक माना जाता है। जो कि हर मुसलमान के लिए खास महत्व रखती है। शब-ए-कद्र को कई नामों के जाना जाता है. अरबी में लैलतुल कद्र के नाम से भी जाना जाता है। अंग्रजी में इसे नाइट ऑफ डिक्री, नाइट ऑफ पावर और नाइट ऑफ वैल्यू कहते हैं. इसके अलावा इसे भाग्य की रात और मुकद्दस की रात भी कहा जाता है।आमतौर पर रमजान की 27वीं रात को शब-ए-कद्र या लैलतुल कद्र कहा जाता है. इस साल रमजान की शुरुआत 19 फरवरी 2026 से हुई है. ऐसे में 27वीं रात 16 मार्च 2026 को होगी. हालांकि रमजान महीने में आखिरी अशरे यानी आखिरी 10 दिनों में पड़ने वाली विषम रातों जैसे- 21वीं, 23वीं, 25वीं, 27वीं और 29वीं रातों को भी शब-ए-कद्र की रात माना जाता है पर अधिकतर लोग 27 वीं रात को ही मनाते हैं और इस रात मस्जिदों में तरावीह (रमजान माह में पढ़ी जाने वाली विशेष नमाज) पढ़ाने वाले इमामों (हाफिज ए कुरआन) का सम्मान भी किया जाता है जिसकी तैयारी इन दिनों मस्जिद कमेटियों ने शुरू कर दी है।

### रासेयो शिविर में पहुंचे विषय विशेषज्ञों ने छात्राओं को दिए सेहतमंद रहने के टिप्स

# खानपान में लापरवाही लोगों को धकेल रही मौत की ओर: डॉ सीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मसालेदार भोजन जंक फूड हमें सेहतमंद नहीं बीमार बना रहे हैं। कई गंभीर बीमारियां इन जंक फूड जैसे खाद्य पदार्थों के सेवन से हो रही है कैंसर जैसे गंभीर रोग भी गलत खानपान की वजह से ही पांव पसार रहे हैं। अच्छा खाएं और स्वस्थ रहें मोटा अनाज का उपयोग खाने में अधिक करें। यह बात जिला अस्पताल में पदस्थ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा शाक्य ने बुधवार को गर्ल्स कॉलेज के रासेयो सेवा सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को सेहत से जुड़ी विषय पर टिप्स देते हुए कही।

शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ओ पी शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 06 से 12 मार्च तक गोदग्राम रायपुरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला चिकित्सालय, श्योपुर से महिला रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा शाक्य उपस्थित रही। जिन्होंने महिला स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर अपना व्याख्यान देते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए जरूरी लाइफलाइन मानसिक, सामाजिक, शारीरिक स्वास्थ्य, पर्याप्त पानी पीना, बैलेंस डाइट, मोटे अनाज को डाइट में शामिल करना, जंक फूड से दूरी, ओबेसिटी से होने वाली समस्याएं, स्वच्छता, साउंड स्लीप एवं मेडिसिन समय से लेने के प्रति छात्राओं को जागरूक किया। इसके पश्चात उन्होंने महिलाओं से संबंधित महत्वपूर्ण डिजीज एनीमिया, सिकिल सेल एनीमिया, मेन्यूस्ट्रल हाइजीन, ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर इत्यादि के शुरुआती लक्षणों के बारे में बहुत विस्तार से समझाया। इसके पश्चात कार्यक्रम में द्वितीय बौद्धिक सत्र में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से यदुनाथ सोय- एल डी एम, युधिष्ठिर शर्मा एवं महेश शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राओं को डिजिटल साक्षरता, डिजिटल अरेस्ट, नॉमिनी की जानकारी, सुरक्षित इन्वेस्टमेंट एफडी, आरडी, साइबर सिक्योरिटी इत्यादि के बारे में जागरूक किया। इसके पश्चात वक्ताओं ने छात्राओं की जिज्ञासाओं का सहजता एवं सरलता से जवाब देकर संतुष्ट किया। कार्यक्रम में छात्रा राजकुमारी अकोरिया, आयुषी भदौरिया ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी वेदांकी खंडेलवाल ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय से हीरा सिंह, डॉ अलंकृता साकेत एवं डॉ सरलेश मौर्य का सहयोग रहा।



# नए पुल पर लगा जाम तो पुराने बंजारा डैम पुल से निकाली बाइकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मंगलवार को बंजारा डैम के नए वाले पुल पर एक यात्री वाहन फंस जाने के कारण ऐसा जाम लगा कि लोगों का पैदल निकलना भी दुबार हो गया। पुल पर फंसे लोग घंटे भर तक जाम में फंसे रहे। इस दौरान शहर से खातौली रोड और उधर से शहर की और आने जाने वाले बाइक चालकों ने अपनी बाइके बंजारा डैम के पुराने वाले पुल से होकर निकाली

बारां से सवाई माधोपुर जयपुर जाने वाली एक राजस्थान रोडवेज की यात्री बस अचानक बंजारा डैम के पास सीप नदी पर बने पुल पर खराब होकर फंस गई। इस गाड़ी को बचाते हुए दूसरी गाड़ी निकालने के दौरान एक मेटाडोर भी फंस गई। स्थिति यह हुई की ना तो गाड़ी आगे जा पा रही थी ना पीछे आप आ रही थी अधिक कोशिश करने पर पुल से गाड़ियां नीचे गिरने का खतरा हो गया। पुल पर वाहनों का मेला लग गया। इस दौरान लोगों ने अपने बाईक बंजारा डैम के पुराने रूट से होकर निकाली। हालांकि जिस पुल से बाईक निकाली गई वह बेहद खतरनाक था जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो रहे थे लेकिन लोगों ने जान जोखिम में डाल कर गाड़ियां निकाली।



# फोटो वायरल करने वाले आरोपी भेजे जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

फोटो वायरल करने के कारण एक युवती द्वारा आत्महत्या कर लेने संबंधी मामले में देहात थाना पुलिस ने सख्ती के साथ कार्रवाई करते हुए उन तीन आरोपियोंक को जेल भेज दिया है,जिनके द्वारा युवती की सगाई तोडने के लिए उसके कुछ आपत्तिजनक फोटो वायरल किए गए थे।

देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि यह मामला वर्ष 2023 का है। जिसमें जांच के दौरान यह बात सामने आई कि युवती ने फोटो वायरल किए जाने से आहत होकर खुदकुशी की। जिसके बाद मामले में कार्रवाई करते हुए उन सभी लोगों के मोबाइल जब्त किए गए,जिनके द्वारा फोटो वायरल किए गए। जांच के बाद सामने आए तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि दो आरोपियों को पूर्व में अरेस्ट करके जेल भेज दिया गया है। जबकि तीसरे आरोपी को बुधवार को अरेस्ट किया गया। आरोपी के नाबालिग होने के कारण उसे बाल न्यायालय श्योपुर में प्रस्तुत किया गया,जहां से उसे बाल सुधार गृह इंदौर के लिए वारंट जारी कर दिया गया।

# क्षेत्रीय मीणा समाज की आज बैठक बड़ौदा में होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

क्षेत्रीय मीणा समाज श्योपुर की एक बैठक 12 मार्च को दोपहर 12 बजे से बडौदा स्थित छात्रावास परिसर में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी मीणा समाज अध्यक्ष हंसराज नागदा ने देते हुए बताया है कि इस बैठक में बड़ौदा छात्रावास निर्माण एवं सहयोग राशि दिए जाने को लेकर चर्चा की जाएगी। इसके साथही निर्माण समिति का गठन भी किया जाएगा। उन्होंने समाजीय लोगों से इस बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# जागरूकता रथ व बाइक रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु आमजन में प्रचार-प्रसार किये जाने के उद्देश्य से प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कपिल मेहता द्वारा जिला न्यायालय परिसर से जागरूकता रथ एवं बाईक रैली को हरी इण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

उक्त आयोजित रैली न्यायालय परिसर से प्रारंभ होकर गुलम्बर, नगर पालिका से विभिन्न सार्वजनिक मार्गों से होती हुई यातायात पुलिस थाने पर समाप्त की गई। बाईक रैली में यातायात विभाग, पुलिस विभाग, अभियोजन विभाग, विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद, पैरालीगल वॉलंटियर्स, एवं लीगल एड डिफेंस काउसेल्स द्वारा सहभागिता की गई। उक्त कार्यक्रम में जिला मुख्यालय में पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विद्युत विभाग के अधिकारीगण, सचिव जिला अभिभाषक संघ, श्योपुर, यातायात विभाग, पुलिस विभाग के कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेंटियर्स, लीगल एड डिफेंस काउसेल्स, नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारीगण व पैनल अधिवक्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




### इस बार पांचवी और आठवीं की परीक्षा की जिले के अंदर ही जांची जा रही कॉपियां

# 58 प्रतिशत हो गया मूल्यांकन, 30 तक आ जाएगा पांचवी और आठवीं का रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बोर्ड पैटर्न पर आयोजित हुई कक्षा पांचवी और आठवी की परीक्षा में शामिल हुए छात्र छात्राओ को इस बार रिजल्ट के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पडेगा। क्योंकि इस बार पांचवी और आठवी की रिजल्ट संभवतः 30 मार्च तक आ जाएगा। यह उम्मीद इसलिए बंधी है,क्योंकि कक्षा 5 वीं और 8 वीं की परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू हो गया है और यह मूल्यांकन अब तक करीब 58 प्रतिशत भी कंपलीट हो गया है। खास बात यह है कि इस बार कक्षा 5 वीं और कक्षा 8 वी की परीक्षाओं की कॉपियों जिले से बाहर आने के बजाए जिले के अंदर ही चैक हो रही है। इसलिए इस परीक्षा का रिजल्ट इस बार जल्दी आने की उम्मीद है।

यहां बताना होगा कि इस बार भी पांचवी और आठवी की वार्षिक परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की गई है। इन परीक्षाओं का समापन गत 28 फरवरी को हो गया है। इसके बाद इस परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी शुरू हो गया है। राज्य शिक्षा केन्द्र की ओर से इस बार निर्देश दिए गए कि पांचवी और आठवी की परीक्षाओं की कॉपियां मूल्यांकन के लिए जिले के बाहर भेजे जाने के बजाए जिले के अंदर ही उनका मूल्यांकन किया जाए। जिसके चलते पांचवी और आठवी की कॉपियां का मूल्यांकन यहां जिले के अंदर ही ब्लॉक मुख्यालयां पर किया जा रहा है।




### तीन केंद्रों पर हो रहा मूल्यांकन, 965 शिक्षक जांच रहे कॉपियां

राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशो के बाद जिले में कक्षा पांचवी और आठवी की बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन 6 मार्च से तीन केन्द्रों पर किया जा रहा है। श्योपुर, विजयपुर और कराहल विकासखंड मुख्यालय पर ये मूल्यांकन केन्द्र बनाए गए है। जहां मूल्यांकेन के लिए पहुंची 1 लाख 32 हजार कॉपियों का मूल्यांकन विभागीय अधिकारियों की देखरेख में चल रहा है और इस कार्य में 965 शिक्षक मूल्यांकनकर्ता बनकर कॉपियों को जांच रहे है। बताया गया है कि श्योपुर विकासखंड मुख्यालय पर बनाए गए मूल्यांकन केन्द्र पर 429 शिक्षक कॉपिया चैक कर रहे है। वहीं विजयपुर विकासखंड मुख्यालय पर बनाए गए मूल्यांकन केन्द्र पर 307 तथा कराहल विकासखंड मुख्यालय पर बनाए गए मूल्यांकन केन्द्र पर 229 शिक्षक कॉपिया चैक कर रहे है। बताया गया है कि मूल्यांकन कार्य कंपलीट करने के लिए 14 मार्च तक का समय दिया गया है।

### इधर कक्षा 10 वीं और 12 वीं के मूल्यांकन का तीसरा चरण शुरू

कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन श्योपुर स्थित शासकीय उत्कृष्ट स्कूल में चल रहा है। जहां बुधवार से मूल्यांकन का तीसरा चरण भी शुरू हो गया है। बताया गया है कि तीसरे चरण के मूल्यांकन के लिए श्योपुर को कक्षा 10 वीं 25 हजार कॉपियां चैक करने के लिए मिली है। वहीं कक्षा 12 वीं की 5 हजार उत्तर पुस्तिकाएं श्योपुर पहुंची है। इस तरह अब तक 66 हजार कॉपियो चैक होने के लिए श्योपुर पहुंच गई है। अब मूल्यांकन का चौथा और अंतिम चरण 23 मार्च से शुरू होगा।

### पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज हो रहे नंबर

विशेष बात यह है कि इस बार कॉपियों को चैक कर रहे शिक्षक मूल्यांकन के बाद विद्यार्थियों को मिलने वाले नंबरों को विषय बार सीधे ऑनलाइन पोर्टल पर ही दर्ज कर रहे है तथा अब प्राप्त नंबरों को अलग से दर्ज करने की आवश्यकता नहीं पडेगी,इसलिए रिजल्ट जल्द तैयार हो जाएगा। विभागीय सूत्रों की माने तो पांचवी और आठवी का रिजल्ट 30 मार्च के पहले आ जाएगा।

### इनका कहना है

कक्षा 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन श्योपुर स्थित शासकीय उत्कृष्ट स्कूल में किया जा रहा है तथा मूल्यांकन का तीसरा चरण शुरू हो गया है। जबकि पांचवी और आठवी की बोर्ड पैटर्न पर आयोजित परीक्षाओं का मूल्यांकन विकासखंड मुख्यालयों पर किया जा रहा है।

**एमएल गर्ग**
**डीईओ,श्योपुर**

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 16 को

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में सडक सुरक्षा समिति की बैठक 16 मार्च को दोपहर 02 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग पुष्कल प्रताप सिंह ने बताया कि बैठक में गुड सेमेरिटन एवं हिट एण्ड रन प्रतिकर योजना, जिले में चिन्हित ब्लैक स्पोट के सुधार, 45 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के वाहन चालको के नेत्र परीक्षण हेतु शिविरों के आयोजन आदि विषयों पर चर्चा की जायेगी।

### 23 से शुरू होगी खरीदी,18433 किसानों ने कराया पंजीयन

श्योपुर। समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी 23 मार्च से शुरू होगी। इसके लिए श्योपुर जिले में 33 खरीद केन्द्र बनाए गए है। इन खरीद केन्द्रों पर गेंहू विक्रय करने के लिए जिले के 18 हजार 433 किसानों के द्वारा आनलाइन पंजीयन करा लिए गए है। बुधवार को इस संबंध में अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग रश्मि अरूण शमी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न जिलों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि रबी उपार्जन हेतु पंजीयन कराए हुए किसानों का सत्यापन समय पर सुनिश्चित किया जाए तथा इस कार्य को गंभीरता से लिया जाए। इसके साथ ही बताया गया कि उपार्जन से संबंधित बारदानों की आपूर्ति भेजी जा रही है, ताकि उपार्जन कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि ऐसी कृषि उपज स्वीकार न की जाए, जिसमें अन्य कण पाए जाएं। गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए ही गेहूं की खरीदी की जाए। उक्त बैठक के दौरान एनआईसी कक्ष श्योपुर में कलेक्टर अर्पित वर्मा, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी फूड विजय शाक्य सहित कृषि, सहकारिता, कॉपरेटिव आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### शांति समिति की बैठक 16 को

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में 16 मार्च को प्रातः 11.30 बजे से कलेक्टेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। डिप्टी कलेक्टर संजय जैन ने बताया कि ईद-उल-फितर एवं रामनवमी सहित अन्य त्यौहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में संबंधित विभागो के अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम गुरविंदर सिंह पुत्र अजित सिंह (Guruvindar Singh S/o Ajeet Singh) था जिसको बदलकर मेने अब नया नाम गुरविंदर सिंह पुत्र अजित सिंह (Gurwinder Singh S/o Ajit Singh) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नया नाम गुरविंदर सिंह पुत्र अजित सिंह (Gurwinder Singh S/o Ajit Singh) से जाना पहचाना जावे।

प्रार्थी
नाम-गुरविंदर सिंह पुत्र अजित सिंह
(Gurwinder Singh S/o Ajit Singh)
पता ग्राम शंकरपुर,पो. गुरुनावदा
तह. व जिला श्योपुर म.प्र. 476337
Add- Vill Shankarpur, Post-Gurnawda
Dist.Sheopur Madhya Pradesh 476337

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाॅम वायंगा निवासी रामकुमार अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रिंकू, जंगबहादुर और हर्षू यादव ने फरियादी व उसकी मां से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले ईसागढ के थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आकलोन निवासी जीवनलाल बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रदीप, बाबू और प्रमोद बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### उपचार के दौरान महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत मोहनी पुत्री मोहन प्रजापति उम्र 10 साल को पेट दर्द व सीने में दर्द की शिकायत के बाद बहादुरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है

### सड़क दुर्घटनाओं के दो मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के दो अलग अलग मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाने के अंतर्गत बमनाई हवेली निवासी कपिल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बरखेडा जागीर के पेट्रोल पंप के पास कार क्रमांक एमपी 07 जेडव्ही 5624 के चालक ने अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे उसकी बहन को चोटे आई हैं। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम बनैरा निवासी शीर्ष भान यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कार क्रमांक एमपी 07 जेडई 6773 के चालक ने अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर भर्रोली तिराहे पर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आईं हैं।

### सरिया भरा ट्रक पलटा बड़ी दुर्घटना टली



**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत सिंहपुर घाटी के समीप एक महिला को बचाने के प्रयास में यह भारी भरकम ट्रक संतुलन बिगड़ने से पलट गया और घाटी के नीचे जा गिरा। इस घटना में ड्रायवर और कन्डक्टर दोनों बाल बाल बच गए। बताया गया है कि यह घटना सिंघपुर घाटी से गुजरते समय अचानक मोड़ पर नीचे यह घटना हुई। इस ट्रक में लोहे का सरिया भरा हुआ था जो रायगढ़ छत्तीसगढ़ से ग्वालियर जा रहा था। ट्रक में ड्रायवर कंडक्टर के रूप में सोनू सिंह रावत पुत्र कालू रावत उम्र 25 साल और मदान पुत्र बल्कार रावत उम्र 25 साल शामिल हैं। सोनू रावत अजमेर का रहने वाला है और मदान रावत नसेराबाद का रहने वाला है। ट्रक पलटने की इस घटना में ड्रायवर वाहन के अंदर काफी देर तक फंसा रहा जिसे लोगों की भीड़ द्वारा बाहर निकाला गया।

---

### घटना में दुल्हन के जीजा की मौत, दुल्हन गंभीर घायल, 4 घायल भोपाल रेफर

# कोलारस से गंजबासौदा शादी में जा रही कार को बोलेरो ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर









कोलारस से गंज बासौदा लडकी की शादी में जा रही कार को सामने से आ रही बुलेरो वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में कार का चालक और 4 महिलाएं घायल हुई हैं जिनमें एक बच्ची भी शामिल है। इस घटना में दुल्हन के जीजा वैभव जैन की मौके पर ही मौत हो गई। इसी वाहन में दुल्हन भी सवार थी, उसे भी गंभीर चोटे आई हैं। दुल्हन को भोपाल रैफर किया गया है।

घटना के बारे में बताया गया है कि 11 मार्च को गंज बसौदा में साक्षी जैन का विवाह था जिसमें परिवार के साथ रिश्तेदार कोलारस से गंज बसौदा के लिए 4 कारों के माध्यम से रवाना हुए थे। जब यह वाहन शाढ़ौरा और नईसरायं के बीच बरखेडा गौड़ और मूडरा गांव के बीच से गुजर रहा था,तभी सामने की ओर से तेज गति से आ रहे एक बुलेरो वाहन ने दूसरे नंबर पर चल रही कार में टक्कर मार दी। यह घटना इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस घटना के दौरान उसी समय सड़क से निकल रहा एक बाईक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद तत्काल 112 वाहन को सूचना दी गई और एम्बुलैंस वाहन से कार में सवार सभी को शाढ़ौरा अस्पताल लाया गया। जिसमें बुलेरो वाहन का ड्रायवर भी शामिल था, जिसे शाढ़ौरा अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां से उसे गुना भेजा गया है। शाढ़ौरा तहसीलदार के वाहन से सभी जैन परिवार के घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

**5 घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया एक महिला को छोड़कर सभी को गहरी चोटें** जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने वैभव पुत्र रामबाबू जैन निवासी ब्यावर उम्र 35 साल की मौके पर ही मौत हो गई जो रिश्ते में दुल्हन साक्षी जैन का जीजा था। इस घटना में घायलों में वाहन चालक सौरभ खटीक, के अलावा जैन परिवार के सदस्यों में पूजा जैन पत्नि वैभव जैन उम्र 32 साल, खुशबू जैन पुत्री आदित्य जैन, प्रेमबाई पति शांतिलाल जैन उम्र 80 वर्ष, दुल्हन की मां शीला बाई उम्र 55 साल और एक डेढ वर्ष की बच्ची भी घायल हुई है।

**दुल्हन सहित 4 घायलों को भोपाल भेजा गया** इस घटना के बाद डॉक्टरों ने दुल्हन साक्षी जैन को आई गंभीर चोटों को देखते हुए उपचार कर रहे डॉक्टर अजय गहलोत ने उन्हे भोपाल रैफर कर दिया है। दुल्हन को सिर में और हाथ पैरों में चोटे आईं है, दुल्हन के बाद शेष 4 धायलों को भी भोपाल रैफर किया गया है। यह सभी गंभीर हैं। डॉ. गहलोत ने बताया कि सबकी कम से कम 3-3 हडिडयां टूटी हैं।

**बुलेरो वाहन चालक लहराते हुए वाहन चला रहा था** घटना के बारे में बताया गया है कि बुलेरो वाहन चालक अपने वाहन को तेज गति से चला रहा था आगे चल रही गाड़ी को भी चालक ने बार बार बचा लिया था लेकिन पीछे आ रही इस अल्टीका कार को बुलेरो वाहन ने टक्कर मार दी। बुलेरो वाहन का नबंर एमपी 67 बी 0310 है। घटना के बार में बताया गया है कि 11 मार्च को साक्षी जैन की शादी गंज बसौदा में होना थी जिसके लिए परिवार कोलारस से गंज बसौदा के लिए अशोकनगर से होते हुए जा रहा था अशोकनगर पहुंचने से पहले ही यह घटना हो गई।

**घटना के बाद विवाह की रश्मे निरस्त की गईं** मंगलवार को इस परिवार को गंजबासौदा पहुंचना था जहां शादी से पहले की रश्में पूरी होना थी लेकिन दुल्हन के जीजा की मौत और दुल्हन के घायल होने से यह सभी रश्में निरस्त कर दी गई हैं। गंज बासौदा में चक्रेश जैन ओडेर वालों के पुत्र गौरव जैन के साथ यह विवाह सम्पन्न होना था। ओडेर का यह परिवार अशोकनगर में भी निवास करता है और उनके परिवार के एक सदस्य चक्रेश जैन गंज बासौदा में निवास करने लगे थे।

**कोलारस और बासौदा के परिवार अशोकनगर पहुंचे:** जैसे ही इस घटना की खबर आई वैसे ही कोलारस और गंज बासौदा के परिवार अशोकनगर पहुंच गए। घायलो के उपचार के समुचित प्रबंध किए गए। बताया गया है कि अशोकनगर में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन के पति अनुराग जैन गुना में नायब तहसीलदार हैं। अनुराग जैन कोलारस के निवासी हैं उनके परिवार में यह विवाह का आयोजन था। साक्षी जैन चाचा की लड़की है, जिसका विवाह में शामिल होने के लिए यह वाहन जा रहे थे। घटना के बाद अशोकनगर के डिप्टी कलेक्टर बृजबिहारी श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, और पुलिस का अमला मौजूद था।

---

### टीईटी फैसले को चुनौती देने की तैयारी

# शिक्षक संगठन इसी माह दायर करेंगे रिव्यू पिटीशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शिक्षक पात्रता परीक्षा टीएटी को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अब शिक्षक संगठन चुनौती देने की तैयारी में हैं। जानकारी के अनुसार शिक्षक संगठन इसी माह के अंत तक सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर कर सकते हैं।

शिक्षक संगठनों के सोशल मीडिया ग्रुपों में इस मुद्दे को लेकर मध्यप्रदेश सरकार के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। संगठनों का कहना है कि 1 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद भी अब तक प्रदेश सरकार ने इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिससे शिक्षकों में अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। इधर लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा टीईटी से संबंधित आगे की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है और प्रदेश में टीईटी का कार्यक्रम बनाने की तैयारी चल रही है। बताया जा रहा है कि पूरे देश में मध्यप्रदेश ही ऐसा राज्य है, जहां शिक्षा विभाग ने टीईटी का कार्यक्रम तैयार करना शुरू कर दिया है, जबकि उत्तर प्रदेश में फैसले के कुछ ही दिनों बाद इसे चुनौती देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी।

#### देशभर से 40 पिटीशन दायर, मप्र से एक भी नहीं

शिक्षक संगठनों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ अब तक देशभर से करीब 40 याचिकाएं दायर हो चुकी हैं, लेकिन मध्यप्रदेश से अभी तक एक भी याचिका दाखिल नहीं की गई है। राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 17 सितंबर 2025 को ही अपने बेसिक एजुकेशन विभाग को सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती देने के निर्देश दे दिए थे। राज अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे ने बताया कि तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, केरल, मेघालय, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर सरकार ने परीक्षा को स्थगित कर दिया है और पंजाब सहित कई राज्यों में इस फैसले को चुनौती देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन मध्यप्रदेश सरकार ने अभी तक रिव्यू पिटीशन दायर नहीं की है। मध्य प्रदेश सरकार शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए कब रिव्यू पिटीशन दायर करेगी प्रदेश के 2 लाख शिक्षकों के भविष्य का सवाल है 2 लाख परिवारों और उनके बच्चों के भविष्य का भी सवाल है रोजी-रोटी का संकट खड़ा होने की संभावना है।

#### सरकार का इंतजार नहीं करेंगे: दिलीप सिंह रघुवंशी

राज अध्यापक संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह रघुवंशी ने कहा कि शिक्षक संगठन अब सरकार का इंतजार नहीं करेंगे। संगठन की ओर से इसी माह के अंत तक सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर की जाएगी। साथ ही इस मुद्दे पर सभी शिक्षक संगठनों को एक मंच पर लाने की तैयारी भी की जा रही है। शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने बताया कि अशोकनगर जिले की ओर से भी सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर की जाएगी, ताकि शिक्षकों के हितों की रक्षा की जा सके। संगठनों ने यह भी मांग उठाई है कि प्रधानमंत्री से संसद में प्रस्ताव लाकर कानून में संशोधन किया जाए। साथ ही यह भी मांग की जाएगी कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को या तो वर्तमान तिथि से लागू किया जाए या वर्ष 2010 से लागू किया जाए। शिक्षक संगठनों का कहना है कि इस फैसले से पूरे देश के लगभग 51 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा एवं भोपाल में राजधानी स्तर पर भी आंदोलन किया जाएगा इस विषय को लेकर ईसागढ़ में बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी, जिसमें राजाराम सेन, ओपी साहू, प्रकाश राय, राज्य कर्मचारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत जैन सहित अन्य शिक्षक प्रतिनिधि शामिल होंगे।

---

### संगीत, नृत्य व विविध कलाओं के लिए कर सकेंगे रसास्वादन

# बैजू बावरा की स्मृति में बैजू बावरा समारोह चंदेरी में 15 से 17 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

#### पारम्परिक शिल्पों की कार्यशाला सह विक्रय

प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि समारोह को बहुविध कला उत्सव का स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से 'हुनर' कार्यशाला सह विक्रय के 10 स्टॉल भी लगाये जा रहे हैं। जहां पारम्परिक शिल्पकला के कलाकार शिल्पों का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही अशोकनगर जिले के एक जिला एक उत्पाद के 10 स्टॉल एवं पारम्परिक व्यंजनों के उत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी द्वारा जिला प्रशासन अशोकनगर के सहयोग से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महान संगीतज्ञ बैजू बावरा की स्मृति में बैजू बावरा समारोह का आयोजन मेला ग्राउण्ड, चंदेरी में किया जा रहा है।

15 मार्च से 17 मार्च तक आयोजित होने वाले इस समारोह में शास्त्रीय संगीत, नृत्य एवं लोक संस्कृति की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों का आस्वादन सुधिजन कर सकेंगे।उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर ने बताया कि महान संगीतज्ञ बैजू बावरा को आदरांजलि स्वरूप यह प्रतिष्ठापूर्ण समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय समारोह के प्रथम दिवस 15 मार्च 2026 को सायं 7 बजे से सर्वप्रथम अकादमी के प्रतिष्ठित मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार का अलंकरण समारोह आयोजित होगा। इसमें दो पुरस्कार मूर्तिकला एवं आठ पुरस्कार चित्रकला विधा के लिए प्रदान किये जाएंगे, जिसमें दत्तात्रय दामोदर देवलालीकर पुरस्कार, रघुनाथ कृष्णराव फड़के पुरस्कार, नारायण श्रीधर बेन्द्रे पुरस्कार, मुकुन्द सखाराम भाण्ड पुरस्कार, देवकृष्ण जटाशंकर जोशी पुरस्कार, जगदीश स्वामीनाथन पुरस्कार, सैय्यद हैदर रजा पुरस्कार, लक्ष्मीसिंह राजपूत पुरस्कार, राममनोहर सिन्हा पुरस्कार एवं विष्णु चिंचालकर पुरस्कार सम्मिलित हैं।

अलंकरण समारोह के साथ ही रूपंकर कला पुरस्कार के लिए आमंत्रित कलाकृतियों में से 80 कलाकृतियों की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग के ललित कला महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं तीनों दिवस चंदेरी के विभिन्न स्थलों का सजीव चित्रांकन भी करेंगे। प्रथम दिवस अलंकरण समारोह पश्चात पूर्वरंग के अंतर्गत दीपिका पुरोहित, भोपाल का पारम्परिक बुंदेली भजन गायन होगा। इसके बाद सुविख्यात भजन गायक पद्मश्री अनूप जलोटा एवं साथी, मुम्बई का सूफी एवं भजन गायन होगा। समारोह के द्वितीय दिवस 16 मार्च, 2026 को अफजल हुसैन, भोपाल ध्रुपद गायन होगा। इसके बाद डॉ. निखिल बड़ोदिया, इंदौर की सितार वादन की सभा सजेगी। तत्पश्चात सुश्री संघमित्रा तायवाड़े, भोपाल द्वारा कथक समूह नृत्य की प्रस्तुति होगी। अंत में बलवंत पुराणिक, भोपाल का कांच वाद्य वादन होगा। अंतिम दिवस 17 मार्च को सर्वप्रथम उल्हास तैलंग, भोपाल की गायन सभा सजेगी। इसके बाद फारुख लतीफ खां, मुम्बई का सारंगी वादन होगा। तत्पश्चात शिप्रा सुल्लेरे, जबलपुर का शास्त्रीय गायन होगा।

---

# छात्र संगठन ने महाविद्यालय की समस्याओं के निराकरण करने को लेकर ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मंगलवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में छात्रों से प्रवेश शुल्क में बस सुविधा के नाम पर की जा रही फीस वृद्धि व छात्रों को होने वाली विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन डीएसओ ने उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त के नाम महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन दिया।

इस दौरान कॉलेज इकाई अध्यक्ष विश्वीर भंडारी ने कहा की शैक्षणिक संस्थान का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना होता है, जिससे वे अपने भविष्य का निर्माण कर सकें और समाज के विकास में योगदान दे सकें। किंतु वर्तमान समय में हमारे महाविद्यालय में कई ऐसी समस्याएँ मौजूद हैं, जिनके कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं बस सुविधा के नाम पर छात्रों से 360 रुपये की फीस वृद्धि कर छात्रों से पैसा वसूला जा रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि अधिकांश छात्रों को इस सुविधा का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। कई छात्र दूर-दराज़ क्षेत्रों से कॉलेज आते हैं और उन्हें निजी या सार्वजनिक परिवहन का सहारा लेना पड़ता है। ऐसी स्थिति में बस सुविधा के नाम पर यह शुल्क लेना छात्रों के साथ अन्यायपूर्ण है। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाले छात्रों के लिए यह एक अतिरिक्त बोझ बन जाता है। साथ ही महाविद्यालय में नियमित कक्षाओं का संचालन नहीं हो रहा है नियमित कक्षाएँ किसी भी शिक्षण संस्थान की मूल आवश्यकता होती हैं।

#### खास बातें

- पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्रवेश शुल्क व बस सुविधा के नाम पर की गई फीस वृद्धि पर रोक लगाई जाए व छात्रों को नि:शुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई जाए,
- गर्ल्स की सुरक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ,अति शीघ्र गर्ल्स कॉमन रूम चालू किया जाए।
- कॉलेज में छात्र संख्या अनुरूप पर्याप्त शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक स्टॉफ की स्थाई भर्ती की जाए व नियमित कक्षाएं संचालित करना सुनिश्चित किया जाए,
- यू जी चतुर्थ वर्ष के छात्रों व अध्यनरत सभी छात्रों को लाइब्रेरी में पर्याप्त पाठ्य पुस्तकें, साहित्यिक पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं,
- साइंस की बंद पड़ी विभिन्न लैब चालू की जाएं व प्रयोग सामग्री उपलब्ध कराई जाए, प्रायोगिक कक्षाएं लगाई जाए व महाविद्यालय में पठन-पाठन का माहौल तैयार किया जाए।
- महाविद्यालय में नियमित साफ-सफाई पर ध्यान दिया जाए व पर्याप्त मात्रा में वाटर कूलर, वाटर प्यूरीफायर लगवाए जाएं व छात्रों को पीने योग्य स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाए,
- महाविद्यालय में हमारे देश के आजादी आंदोलन के महान क्रांतिकारियों व महान मनिषियों के दिवस छात्रों व कॉलेज प्रशासन द्वारा सम्मानपूर्वक मनाए जाएं।

---

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए दी हरी झंडी



**अशोकनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के तत्वाधान में तथा म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च को जिला न्यायालय अशोकनगर तथा तहसील न्यायालय, चंदेरी, मुंगावली एवं ईसागढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा सोमवार को जिला न्यायालय परिसर अशोकनगर से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन के माध्यम से आमजन को नेशनल लोक अदालत के बारे में जागरूक किया जावेगा। ऐसे पक्षकार जिनके मामले न्यायालयों में लंबित हैं या ऐसी परिस्थिति निर्मित है, जो भविष्य में न्यायालय में जाने का विषय बन सकती है, दोनों ही परिस्थितियों में पक्षकार स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर या तहसील विधिक सेवा समिति चंदेरी, मुंगावली एवं ईसागढ़ न्यायालय में संपर्क कर अपने मामलों का निराकरण करा सकते हैं। जिससे दोनों पक्षों में उत्पन्न वैमनस्यता समाप्त हो जाती है और दोनों पक्षकारों की जीत होती है।

प्री-लिटिगेशन स्तर पर रखे जाने वाले मामलों में कोर्ट फीस नहीं लगती है तथा लंबित मामलों में पूर्व में दी गई कोर्ट फीस वापस हो जाती है। इसमें जिला न्यायाधीश संजीव सिंघल, जिला न्यायाधीश प्रकाश केरकेट्टा, जिला न्यायाधीश उपदेश कुमार राठौर, जिला न्यायाधीश राकेश कुमार पाटीदार, सी.जे.एम. किरण तुमराची धुर्वे, न्यायाधीश हर्षिता शर्मा गौड़, न्यायाधीश प्रिया चैहान, न्यायाधीश सोनल गुप्ता, न्यायाधीश शुभम द्विवेदी, अभिभाषक अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू, सचिव बार रामनिवास शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा एवं लीगल एड डिफेंस काउंसल अधिवक्तागण, अन्य अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

---



### यूपीएससी टॉपर का जैन समाज ने किया सम्मान नवीन पंचायत कमेटी ने दी मंगल शुभकामनाएं

**मुंगावली।** अपने प्रथम प्रयास में यूपीएससी में 17 वी रैंक हासिल करने वाले अशोकनगर के चितवन जैन का जैन समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया ओर सम्मान कर शुभकामनाएं दी गई। मंगलवार को प्रथम वार नगर में पहुंचे चितवन जैन को पंचायत की नवीन कार्यकारणी ने पट्टीका व तिलक लगाकर स्वागत किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे वही इनकी इस कामयाबी पर समाज के वरिष्ठ जनों ने अपने विचार व्यक्त किए जिसमें उन्होंने बताया कि इस मुकाम पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत लगती है ओर सब कुछ छोड़कर केवल अपने लक्ष्य पर ध्यान देना होता है उसके बाद इस तरह की कामयाबी मिलती है ऑल इंडिया में 17 वी रैंक हासिल करना बहुत बड़ी बात होती है वही चितवन ने भी बताया कि वह कैसे इस लक्ष्य को हासिल कर सके इसके लिए आपको केवल एकाग्र होकर पढ़ना चाहिए साथ ही जब आप किसी को अपना लक्ष्य बना लेते है उसमें कोई भी रुकावट आपको रोक नहीं सकती है ओर एक वह सफलता हासिल हो जाती है। जिसके पीछे आप दिन रात मेहनत करते है।

---

# कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर में मधुमक्खी पालन पर जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर प्रांगण में मंगलवार को राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के अंतर्गत जिला स्तरीय मधुमक्खी पालन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की खेती के साथ-साथ हम मधुमक्खी पालन को भी अपना कर अपनी आमदनी में इजाफा कर सकते हैं तथा नौजवान लोग भी मधुमक्खी पालन एवं अन्य कृषि आधारित आय मूलक गतिविधियां अपना करके हम आगे बढ़ सकते हैं। हमारे जिले में सरसों एवं फूल तथा सब्जियों का रकबा बढ़ने के कारण मधुमक्खी पालन हमारे लिए लाभदायक हो सकता है तथा इससे फसल उत्पादन भी बढ़ता है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अशोकनगर की स्थाई कृषि समिति की सभापति शीतल सतेन्द्र कलावत मध्य प्रदेश जैविक प्रमुख जगराम सिंह यादव प्रगतिशील जैविक कृषक खुमान सिंह रघुवंशी, किसान संघ के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रघुवंशी राम किशन सिंह रघुवंशी, हरमीत सिंह संधू, रमाकांत शर्मा एवं किसान संघ के पधाधिकारी एवं बडी संख्या मे कृषक ,कालेज के विद्यार्थी, कृषि सखियो ने उपस्थित रहकर मधुमक्खी पालन पर जानकारी प्राप्त की एवं विशेषज्ञो से प्रश्न पूछे। इस अवसर पर पूर्व निदेशक विस्तार सेवाएं डॉक्टर यूपीएस भदोरिया, आरोन कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ धर्मेंद्र सिंह डॉक्टर अमित सिंह एवं कृषि विज्ञान के डॉ वीके जैन, डॉक्टर केके यादव एवं इंदर सिंह मिर्धा जैन एवं डॉक्टर हेमंत कुमार त्रिवेदी ने कृषकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने व्यावहारिक रूप से मधुमक्खी पालन एवं उसमें आने वाली परेशानियों के बारे में भी अवगत कराया।